# अमर उजाला (Amar Ujala)

| दिनाँक (Dated): 21.05.2025 | पृष्ठ सं० (Page No). 15 | क्रम सं०(Serial No.) 9 |
|---|---|---|

## एवरेस्ट फतह करने वाली गीता बनीं सीआईएसएफ की पहली महिला अफसर



**नई दिल्ली।** सीआईएसएफ की सब- इंस्पेक्टर गीता समोटा ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट को फ़तह कर लिया है। इसी के साथ वह अर्धसैनिक बल के 56 वर्षों के इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वालीं पहली महिला अधिकारी बन गई हैं।

गीता ने सोमवार को 8,849 मीटर ऊंचे पर्वत चढ़ाई पूरी की। एक बयान में बल ने कहा कि सोमवार की सुबह गीता 'दुनिया के शिखर' पर खड़ी थीं। 35 वर्षीय अधीनस्थ अधिकारी 2011 में इस अर्धसैनिक बल में शामिल हुई थीं और वर्तमान में वह सीआईएसएफ की उदयपुर हवाई अड्डा इकाई में तैनात हैं। राजस्थान के सीकर जिले के चाक गांव की गीता शुरुआत में हॉकी खिलाड़ी थी, लेकिन चोट लगने के कारण उन्हें यह खेल छोड़ना पड़ा। एजेंसी